आकाशवाणी श्री विजयपुरम

02.07.2025 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाँच देशों की यात्रा के पहले चरण में घाना पहुँचे।
- आई सी एम आर और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के किए गए अध्ययनों से पुष्टि हुई है कि भारत में कोविड–19 के टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं ।
- सांसद ने जी बी पंत अस्पताल में सेन्ट्रलाइज्ड एसी की सुविधा उपलब्ध कराने का अंडमान निकोबार प्रशासन से आग्रह किया।
- बिजली विभाग ने अनुबंधित बिजली लोड में वृद्धि करने वाले उपभोक्ताओं से वेबसाइट पर बिजली लोड की सही जानकारी भरने की सलाह दी है।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाँच देशों की यात्रा के पहले चरण में घाना पहुँच गए है। प्रधानमंत्री मोदी आज से घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया समेत पांच देशों की यात्रा करेंगे। ब्राजील में वह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी शामिल होंगे। प्रधान मंत्री आज और कल घाना में रहेंगे। तीन दशकों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की यह पहली घाना यात्रा होगी। प्रधानमंत्री घाना के राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक में आर्थिक, ऊर्जा और रक्षा सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। अपने प्रस्थान वक्तव्य में प्रधान मंत्री ने कहा कि घाना ग्लोबल साउथ में महत्वपूर्ण सहयोगी है और उसने अफ्रीकी संघ तथा पश्चिमी राष्ट्रों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

<><><><><><>

भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद और राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र के किए गए अध्ययनों से पुष्टि हुई है कि भारत में कोविड–19 के टीके सुरक्षित और प्रभावी हैं और इनमें गंभीर दुष्प्रभावों के मामले बहुत कम देखने को मिलते हैं। अध्ययनों से सामने आया है कि हृदय संबंधी कारणों के चलते अचानक हुई मौतों के कई कारण हो सकते हैं, जिनमें आनुवंशिकी, जीवनशैली, पहले से मौजूद बीमारियां और कोविड के बाद की जटिलताएं शामिल हैं। अट्ठारह से पैंतालीस साल के बीच के लोगों में अचानक होने वाली मौतों के पीछे के कारणों को समझने के लिए दोनों संस्थान मिलकर काम कर रहे हैं। इसका पता लगाने के लिए अलग–अलग शोध दृष्टिकोणों के जरिए दो अध्ययन किए गए हैं– पहला, पिछले डेटा पर आधारित और दूसरा, वर्तमान की जांच पर आधारित। यह अध्ययन मई से अगस्त दो हजार तेईस तक उन्नीस राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सैंतालीस क्षेत्रीय अस्पतालों में किया गया था। इसमें ऐसे व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित किया गया जो स्वस्थ दिख रहे थे, लेकिन अक्टूबर दो हजार इक्कीस और मार्च दो हजार तेईस के बीच अचानक उनकी मृत्यु हो गई। निष्कर्षों से साबित हुआ है कि कोविड–19 टीकाकरण से युवा वयस्कों में अचानक होने वाली मौतों का जोखिम नहीं बढ़ता है।

<><><><><><>

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और अन्य एजेंसियों द्वारा अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में की गई कार्रवाई पर प्रसन्नता व्यक्त की है। गृहमंत्री ने ग्लोबल ड्रग कार्टेल का भंडाफोड़ करने पर सम्बन्धित एजेंसियों को बधाई दी है। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार कहीं भी चल रहे ड्रग गिरोह और उनके सरगनाओं का खात्मा करने के लिए प्रतिबद्ध है। X प्लेटफॉर्म पर एक पोस्ट में श्री शाह ने बधाई देते हुए कहा है कि जांच ने मल्टी एजेंसी समन्वय का एक शानदार उदाहरण पेश किया है, जिसके परिणामस्वरूप आठ गिरफ्तारियां हुईं और पांच खेप जब्त की गईं, चार महाद्वीपों और दस से अधिक देशों में संचालित गिरोह के खिलाफ अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में कार्रवाई हुई है।

<><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने जी बी पंत अस्पताल के सभी वार्डों में सेन्ट्रलाइज्ड एसी सुविधा उपलब्ध कराने का अंडमान निकोबार प्रशासन से आग्रह किया है। अपने हालिया दौरे के अवसर पर सांसद रे ने पाया कि वार्डों में भर्ती मरीज गर्मी और वेंटीलेशन के कारण बहुत परेशान है। छतों पर लगे पंखे गर्मियों के दौरान होने वाली उमस का तापमान बनाए रखने के लिए पर्याप्त नहीं है। इसके चलते मरीजों को बहुत पसीना आ रहा है और उनका शरीर में काफी नमी हो गई है।

<><><><><><>

बिजली विभाग ने जानकारी दी है कि द्वीपसमूह में कुछ बिजली उपभोक्ताओं ने बिना सूचना के अनुबंधित बिजली लोड में वृद्धि की है, जिससे बिजली की खपत में अप्रत्याशित चुनौतियां आ रही है। ऐसे सभी उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे बिजली विभाग की वेबसाइट पर बिजली लोड की सही जानकारी भरें। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे बिल की विसंगतियों, डिस्कनेक्शन और दंड से बचने के लिए लोड वृद्धि विवरण के साथ भरे हुए फार्म को संबंधित साइट कार्यालय में जमा करें।

<><><><><><>

द्वीपसमूह के निवासियों के लिए हज और उमरा मंत्रालय साउदी अरब द्वारा हज दो हजार छब्बीस की घोषणा कर दी गई है। हज आवेदन पत्र भारतीय हज समिति की आधिकारिक वेबसाइट और हज सुविधा ऐप के माध्यम से जुलाई दो हजार पच्चीस के दूसरे सप्ताह तक उपलब्ध करा दिया जाएगा। हज जाने वाले व्यक्तियों को सलाह दी जाती है कि वे पहली किश्त के लिए डेढ़ लाख रूपये की धनराशि और वैध पासपोर्ट तैयार रखे।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी ने ब्लड सेन्टर जी बी पंत अस्पताल के साथ मिलकर मोहनपुरा स्थित भारतीय स्टेट बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से बयालीस यूनिट रक्तदान किया। शिविर का आयोजन डॉ. सुब्रता साहा, परियोजना निदेशक, अंडमान निकोबार एड्स नियंत्रण सोसाइटी और निदेशक राज्य रक्त आधान परिषद के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर का संचालन डॉ. शाज़िया सुल्ताना द्वारा किया गया। एस बी आई क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष साहू ने शिविर का आयोजन और सफल संचालन किया।

<><><><><><>

मछली बीज फार्म नया गांव में भारतीय मेजर कार्प्स के मीठे पानी के मछली बीज का उत्पादन किया है और ये बीज दक्षिण अंडमान जिले के अंतर्गत ग्राम पंचायत कालीकट और बिडनाबाद के मछली किसानों को वितरण के लिए तैयार हैं। मछली किसान कालीकट से तीन जुलाई सुबह नौ बजे और बिडनाबाद के किसान उसी दिन सुबह दस बजे मछली बीज प्राप्त कर सकते हैं। फ्राई आकार के मछली बीज के प्रत्येक ऑक्सीजन युक्त पैकेट की कीमत एक सौ पैंतीस रूपये हैं।

<><><><><><>

सरकारी मॉडल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल श्री विजयपुरम के पूर्व छात्रों को सूचित किया जाता है कि स्कूल के पूर्व छात्र संघ को पंजीकरण संख्या 20251011P300059 के तहत पंजीकृत किया गया है। पूर्व छात्र संघ का उद्देश्य विद्यालय समुदाय के साथ  पूर्व छात्रों के बीच सार्थक संबंधों को बढ़ाना है, वर्तमान छात्रों के लिए मार्गदर्शन, करियर मार्गदर्शन और नेटवर्किंग प्रदान करना है। संघ की गतिविधियां जल्द ही सदस्यता अभियान के साथ शुरू होगी।

<><><><><><>

हटबे में आयोजित होने वाली होमगार्ड भर्ती शारीरिक क्षमता परीक्षा दौड़ में भाग लेने वाले उम्मीदवारों की सूची पुलिस वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। ये शारीरिक क्षमतापरीक्षा पांच जुलाई को आयोजित की जाएगी। किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए उम्मीदवार सुबह नौ से पांच बजे के बीच पुलिस रेडियो संगठन भवन, मरीन हिल पर संपर्क कर सकते हैं।

**<><><><><><>**

युवा लड़कियों को खेलों के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शिक्षा निदेशालय और अंडमान निकोबार शतरंज संघ बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ के तहत बारह और तेरह जुलाई को सरकारी गर्ल्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल श्री विजयपुरम के सभागार में स्मार्ट गर्ल्स अंडर–19 शतरंज टूर्नामेंट दो हजार पच्चीस का आयोजन करेगा। एक जनवरी दो हजार छः के बाद जन्म लेने वाली लड़कियां इस टूर्नामेंट के लिए पात्र हैं। एकल टूर्नामेंट प्रारूप में अंडर–7, 9, 11, 13, 15 और 19 में पुरस्कृत किया जाएगा।

**<><><><><><>**